# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति सं0–पी0आर0............./2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों अभिभावक एवं सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा बिहार राज्य अंतर्गत भारत सरकार NCVT एवं बिहार सरकार SCVT से मान्यता प्राप्त सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान/प्राचार्य एवं सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार के पत्रांक–स०स०–टी–2/नामां–05/2016–2663 दिनांक 28.11.2018 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों की बारहवीं के समकक्ष मान्यता प्राप्त करने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (I.T.I.) में प्रथम वर्ष उत्तीर्ण एवं द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र एवं ऑनलाइन परीक्षा शुल्क आमंत्रित किए जाते हैं।

2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–09/मु0–22/2023–I/70728/2023 दिनांक 26.07.2023 के आलोक में **औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2026** में **'हिन्दी'** एवं **'अंग्रेजी'** के अतिरिक्त **'उर्दू'** विषय को सम्मिलित किया गया है। औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2026 में **'हिन्दी'**, **'अंग्रेजी'** एवं **'उर्दू'** में से किन्हीं दो विषयों की भाषा परीक्षा में परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। आवेदन करने से संबंधित विवरण निम्नवत् हैं :–

**उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षणार्थियों की अर्हता :–**

1. कक्षा 10वीं उत्तीर्ण हों। बिहार राज्य के अन्तर्गत भारत सरकार **(NCVT)** एवं बिहार सरकार **(SCVT)** से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से उत्तीर्ण अथवा प्रथम वर्ष उत्तीर्ण एवं द्वितीय वर्ष अध्ययनरत अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

2. संबंधित संस्थान के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य समिति की बेवसाइट https://iti.biharboardonline.org/ से परीक्षा आवेदन पत्र डाउनलोड कर संबंधित अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराएँगे।

2.1 अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र को प्राप्त कर अभ्यर्थियों द्वारा अंकित की गयी विवरणी को संस्थान के अभिलेख से जाँच करने के पश्चात संबंधित संस्थान के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य समिति की वेबसाइट https://iti.biharboardonline.org/ पर समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से Login कर दिनांक **06.01.2026 से 24.01.2026** तक शुद्ध–शुद्ध परीक्षा आवेदन पत्र भरना एवं परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

2.2 ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का फोटो (4.5cm×3.5cm) एवं हस्ताक्षर स्कैन कर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य द्वारा समिति के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

2.3 त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण भरे गये परीक्षा आवेदन–पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित संस्थान के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य की होगी तथा **समिति स्तर से इसमें कोई सुधार नहीं किया जाएगा।**

2.4 किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन माध्यम के अलावा किसी अन्य माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

3. **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया निम्नवत् है :–**

Step-1: Click on website **https://iti.biharboardonline.org/**
Step-2: Enter User Id and Password and Click on login
Step-3: Change the Old Password (Mandatory)
Step-4: Login again with User Id and Updated Password (i.e. New Password)
Step-5: Click on Add Student menu to fill up the Form and submit the Application Form
Step-6: Payment gateway
Step-7: Once the payment is completed, submitted application will show in the Submitted Forms Menu
Step-8: Application form is submitted and their payment is Incomplete/Pending, then saved application will show in the Pending Forms.
Step-9: Payment history will show in Payment List



Marf 03/1/26

Scanned with OKEN Scanner

4. **परीक्षा शुल्क का विवरण :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | सामान्य श्रेणी(UR), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS), पिछड़ा वर्ग (BC) के विद्यार्थियों के लिए देय शुल्क | – | 1404/– |
| (ii) | अनुसूचित जाति (SC)/अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) वर्ग के विद्यार्थियों के लिए देय शुल्क | – | 1134/– |

5. **परीक्षा शुल्क का भुगतान** :–परीक्षा शुल्क की राशि निम्नलिखित विकल्पों यथा–Debit Card/Credit Card/Net Banking/RTGS/NEFT के माध्यम से किया जा सकता है। परीक्षा शुल्क ऑनलाइन भुगतान के पश्चात 24 घंटे के अंदर अपने बैंक खाता से राशि की निकारी हुई या नहीं इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लें। **खाता से राशि की निकारी के पश्चात समिति के खाता में परीक्षा शुल्क की राशि नहीं जमा होने की स्थिति में संबंधित आवेदन को अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

6. उक्त परीक्षा तीन विषय (हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू) की होगी। हिन्दी विषय–100 अंक, अंग्रेजी विषय–100 अंक एवं उर्दू विषय–100 अंक की परीक्षा होगी। तीनों विषयों (हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू) में 50 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रश्न एवं 50 अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्न ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक एवं विषयनिष्ठ (Subjective) प्रश्न उत्तरपुस्तिका पर ली जाएगी। अभ्यर्थियों को उत्तीर्णता हेतु 'हिन्दी', 'अंग्रेजी' एवं 'उर्दू' में से किन्हीं दो चयनित विषयों में अलग–अलग 30–30 अंक प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

7. उक्त परीक्षा में इन्टरमीडिएट स्तर के पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे।

8. उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए हेल्प लाइन नंबर–**9430429722** एवं **0612–2232239** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा ई–मेल आई0डी0 **bseb@antiersolutions.com** पर सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का निराकरण किया जा सकता है।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**ज्ञापांक** : के0वि0................/2026 पटना, दिनांक : .........../.........../2026

**प्रतिलिपि** :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. ई0डी0पी0 मैनेजर, आई0टी0, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाय तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए।
3. मेसर्स डाटा सॉफ्ट कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा०लि०, दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम संसाधन विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. वित्त पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में HDFC Bank Limited, Mauraya Lok, Patna-800001 एवं Axis Bank, Patliputra Colony, Patna-800013 को परीक्षा आवेदन शुल्क जमा करने हेतु निर्देश दिया जाए।
6. HDFC Bank Limited, Maurya Lok, Patna-800001 एवं Axis Bank, Patliputra Colony, Patna-800013 को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में बिहार राज्य में स्थित सभी शाखाओं में औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा, 2026 का शुल्क जमा करवाने की व्यवस्था की जाए।
7. सभी जिला पदाधिकारी/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
8. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

03/01/26

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति



Scanned with OKEN Scanner